Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding improving rail connectivity in Thawe in Gopalganj district, Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज): गोपालगंज जिले का प्रमुख जंक्शन थावे है। धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से थावे बिहार की ऐतिहासिक धरती है। थावे में देश-विदेश से लाखों यात्री धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा पर आते हैं लेकिन स्थायी रुप से इस रेलखंड पर दूर की ट्रेन का परिचालन अभी तक शुरु नहीं हुआ है। थावे जंक्शन गोरखपुर और सीवान से सीधे जुड़ा हुआ है। गोपालगंज के लोग दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि शहरों में यात्रा करने के लिए सीवान या गोरखपुर जाने को विवश हैं। कई हजार आबादी गोपालगंज से रोज इलाज, रोजगार एवं उच्च शिक्षा आदि के लिए बाहर जाती है।

दिल्ली जाने वाली वाया सीवान, गोरखपुर की ट्रेन को वाया सीवान से थावे और गोरखपुर होकर चलाया जा सकता है। जबकि 12565/12566 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस दरभंगा से नई दिल्ली तक चलती है, जिसका सीवान के बाद गोरखपुर ही ठहराव है। इस ट्रेन को वाया थावे चलाने से गोपालगंज के हजारो यात्रियों को लाभ मिलेगा और बिहार का गोपालगंज जिला मुख्यधारा से जुड़ सकेगा, जिससे लाखों यात्रियों को इस ट्रेन का लाभ मिलेगा। मैं माननीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी से आग्रह करता हूं कि इस रुट पर जल्द से जल्द परिचालन की शुरुआत की जाये। माननीय मंत्री जी द्वारा मौखिक आश्वासन भी मुझे दिया गया था कि इस रुट पर परिचालन शीघ्र शुरु होगा।